## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य स्तरीय मेगा प्लेसमेंट कैम्प का होगा आयोजन

#### इच्छुक आवेदक 10 दिसम्बर तक करा सकते है पंजीयन

**रायगढ़।** छ.ग.राज्य कौशल विकास प्राधिकरण, रायपुर के तत्वाधान में 46 हजार से अधिक पदों पर भर्ती हेतु राज्य स्तरीय मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में 90 से अधिक कंपनियों के द्वारा सेक्टर अपरेल, बैंकिंग एवं फायनेंसियल, आईटी, हेल्थकेयर, टुरिज्म एवं हॉस्पिटालिटी, लॉजिस्टिक, मेनुफेक्चिरिंग, रिटेल एवं सिक्युरिटी हेतु रिक्तियों की जानकारी प्राप्त हुई है। इच्छुक आवेदक अधिक से अधिक संख्या में आगामी 10 दिसम्बर तक लिंक https://cssda.cg.nic.in/Global/PlacementCamp.aspx के माध्यम से अथवा कार्यालय के सूचना पटल पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर आवेदन कर सकते है। रिक्तियों की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in अथवा सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### मानस मंडली वेसबाईट में करायें पंजीयन

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा रामायण मंडलियों को प्रोत्साहन करने हेतु संस्कृति विभाग के चिनहारी पोर्टल में पंजीकृत मानस मंडलियों को वाद्ययंत्र क्रय किये जाने हेतु सम्मान राशि 5 हजार रुपये प्रदाय किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वेबसाईट www.cgculture.in/chinhariportal में जिले के सक्रिय मानस मंडलियों का पंजीयन कराना है। अतएव जिले से मानस मंडली अधिक से अधिक संख्या में विशेष रूचि लेते हुए वेबसाईट में पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

### अनुसूचित जाति वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इच्छुक आवेदकों से 15 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों का चयन कर कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण सह नियोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसायन व उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार की संस्था सिपेट एवं एमएसएमई दुर्ग के प्रस्ताव निगम मुख्यालय रायपुर को मिले है। उनके द्वारा प्रस्तावित लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम की विभिन्न ट्रेरडों में रायपुर एवं दुर्ग के प्रशिक्षण केन्द्रों में नि:शुल्क आयोजित किए जायेंगे, साथ ही आवास और भोजन की व्यवस्था प्रशिक्षणार्थियों के लिए उपलब्ध करायी जाएगी। सिपेट रायपुर द्वारा मशीन ऑपरेटर-सीएनसी लेथ न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियों का प्रशिक्षण तीन माह का होगा। इसी तरह मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन माह की अवधि निर्धारित है। एमएसएमई दुर्ग के द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स इन सीएनसी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट कोर्स इन मिलिंग का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इन ट्रेरडों के लिए रायगढ़ जिले को 10 का लक्ष्य मिला है। इसके लिए अनुसूचित जाति वर्ग के प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। अनुसूचित जाति वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समय में 15 दिसम्बर 2022 तक कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा कर सकते है।

# साइबर सेल और जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाई में हाथ आया ओड़िशा का शातिर चोर

- आरोपी से करीब डेढ लाख रुपए के सोने का चैन, मंगलसूत्र और कान का झुमका बरामद
- रायगढ़ और झारसुगुड़ा के ज्वेलरी दुकान और सुने मकानों में किया है सोने-चांदी के जेवरातों और नकदी की चोरी
- ज्वेलरी दुकान में सोने की चैन चोरी कर ओड़िशा भागने की फिराक में था आरोपी



**रायगढ़।** संपत्ति संबंधी अपराधों एवं साइबर ठगी मामलों में त्वरित कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा जिले के साइबर सेल को उपलब्ध संसाधनों को बेहतर उपयोग कर सूचना संकलन सुदृढ करने के निर्देश दिये गये हैं। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर निर्देशों के पालन में साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा अपने स्टाफ व मुखबिरों के माध्यम से सूचना तंत्र और सक्रिय किया गया है साथ ही उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा रहा है जिससे संपत्ति संबंधी अपराधों में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में कल दिनांक 05.12.2022 को साइबर सेल और जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में ट्रांसपोर्ट नगर के पास पुलिस टीम एक संदेही युवक सोने के जेवरातों के साथ पकड़ा गया है।

साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल को उनके सक्रिय मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास हाथ में एक काले रंग का बैग लिए हुए घूमते देखा गया है जो आसपास के लोगों एवं राहगीरों को रुपए की अति आवश्यकता बताकर एक सोने की चेन कम दाम में बेचने की बात कर सौदा कर रहा था। मुखबिर सूचना पर उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर साइबर सेल और जूटमिल पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर संदेही पतासाजी के लिये रवाना कियागया। पुलिस टीम द्वारा ट्रांसपोर्टनगर में संदेही को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम रंजन बारिक निवासी बेलपहाड़ झाड़सुगुड़ा उड़ीसा का रहने वाला बताया जिसके पास रखे बैक को खुलवाकर चेक करने पर थैले के अंदर एक सोने का चेन एक सोने का मंगलसूत्र दुकान का झुमका मिला। उक्त जेवरातों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी बताया कि वर्ष 2021 में संबलपुर के कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता था। नौकरी छूट जाने पर रायगढ़ काम की तलाश में आता-जाता था। इस दौरान फरवरी 2022 में रायगढ़ के कांशीराम चौक के पास एक सूने मकान में सोने का मंगलसूत्र, 1 जोड़ी सोने का झुमका और 20-25 हजार रुपए नकद चोरी किया और चोरी का सामान लेकर बेलपहाड़ भाग गया था। बेलपहाड़ में ज्वेलरी में सोने का जेवरात बेचना चाहा तो ज्वेलर बिल दिखाने बोला तब बेच नहीं पाया और ज्वेरात घर में ही रखा था। चोरी में मिले नगद 20-रु.25,000 को खर्च कर दिया। रूपये खर्च के बाद फिर दिनांक 04.12.2022 को रायगढ़ आया और ओवर ब्रिज के नीचे ज्वेलर दुकान में ज्वेलर को सोने का चेन दिखाने बोला और मौका देखकर सोने का चेन चोरी का दुकान से भाग गया था। दिनांक 05.12.2022 को ओडिशा जाने वाली बस पकड़ने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड गया और सोने का चेन और अन्य जेवरात को कम दाम में बेचने ग्राहक तलाश कर रहा था और पुलिस पकड़ ली। आरोपी से एक सोने का चैन, सोने का मंगलसूत्र और सोने का कान का झुमका जुमला करीब रु.1,30,000 का चोरी का जेवरात जप्त कर आरोपी रंजन बारिक पिता शिबाराम बारिक उम्र 26 साल निवासी गुमाडेरा तारा कॉलोनी एनएसी मुंशीपार्टी के पीछे थाना बेलपहाड़ जिला झाड़सुगुड़ा उड़ीसा पर पुलिस चौकी जूटमिल में धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC की कार्यवाही कर जूटमिल पुलिस द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर सूचना संकलन में लगे साइबर सेल के आरक्षक पुष्पेन्द्र जाटवर और महेश पंडा की आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में जूटमिल पुलिस के साथ अहम भूमिका रही है। साइबर सेल प्रभारी द्वारा आरोपी के अपराधिक रिकार्ड की जानकारी ली गई जो रायगढ़ के अलावा झारसुगुड़ा, ओड़िशा में भी चोरी में सक्रिय रहा है।

## राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में निर्देश जारी

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्णयानुसार रामायण मंडलियों को प्रोत्साहन करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। पूर्व की भांति यह प्रतियोगिता पहले चरण में ग्राम पंचायत में जितने भी रामायण मंडलियां है। उनके बीच प्रतियोगिता के माध्यम से एक विजेता रामायण मंडली को चुना जाएगा। तत्पश्चात दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से चुने गये रामायण मंडलियों के बीच जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा तथा प्रत्येक जनपद पंचायत के विजेता रामायण मंडलियों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता के माध्यम से जिला स्तरीय विजेता को चुना जाएगा। जिला स्तरीय विजेता रामायण मंडलियों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन राजिम, जिला गरियाबंद में संपन्न होगा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में सक्रिय मानस मंडलियों को संबंधित जनपद पंचायत स्तर से प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। संबंधित नगरीय निकायों के ओर से एक विजेता दल को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल करने हेतु चयन कर भेजने की जिम्मेदारी संबंधित नगरीय निकाय के आयुक्त/मुख्य नगर पालिका को दी गई है। प्रस्तुति में लोक वाद्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आधुनिक इलेक्ट्रानिक वाद्ययंत्र, की बोर्ड, पैड आदि शामिल न हो। मूल्यांकन पत्रक में निर्धारित कुल 100 अंक में व्याख्यान के लिए 40 अंक व संगीत (गायन)के लिए 40 अंक एवं अन्य में 20 अंक रखे जाने के निर्देश संस्कृति विभाग द्वारा दिए गए है।

रामायण मंडली प्रतियोगिता प्रथम चरण में 15 दिसम्बर 2022 तक ग्राम पंचायत स्तर के बीच होगा। द्वितीय चरण में 5 से 25 जनवरी 2023 के बीच जनपद पंचायत स्तरीय होगा, तृतीय चरण में 27 जनवरी से 3 फरवरी 2023 तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा चतुर्थ चरण में 16 से 18 फरवरी 2023 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजिम, जिला गरियाबंद में संपन्न होगा।

## लैलूंगा पुलिस ने वृद्ध के हत्यारे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** लैलूंगा थानाक्षेत्र के ग्राम नवीन कुंजारा में वृद्ध की हत्या कर फरार हुये आरोपी रत्थू चौहान (25 वर्ष) को लैलूंगा पुलिस द्वारा घरघोड़ा थानाक्षेत्र में दबिश देकर हिरासत में लिया गया जिसे आज गिरफ्तार कर जेएमएफसी घरघोड़ा के न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



जानकारी के मुताबिक दिनांक 04.12.2022 को थाना लैलूंगा में ग्राम नवीन कुंजारा में रहने वाला कांशीराम चौहान (उम्र 60 साल) रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम करवाजोर में रहने वाले उसके मामा राम चौहान (उम्र करीब 72 साल) का कोई संतान नहीं होने से करीब 12-13 वर्ष से अपने यहां रखा था। मामा राम चौहान घर के गाय बैल को चराया करता था। दिनांक 02/12/2022 को रिस्तेदारी के क्रियाक्रम में सम्मिलित होने के लिए अपनी पत्नी, बेटी के साथ पास के गांव बांसडांड़ गये थे। दूसरे दिन दिनांक 03/12/2022 को दोपहर में फोन करके लड़का रत्थु चौहान बताया कि मामा राम चौहान को मारपीट किया है। तब ग्राम बांसडांड़ से अकेले घर आकर देखा मामा राम चौहान के शरीर चेहरा, हाथ, पैर में चोंट खरोंच का निशान था जिन्हें पूछने पर बताया कि घर में बांधे हुए गाय बैल को चराने के लिए नहीं ले गया तो नाती रत्थू चौहान मारपीट किया है। शाम रात्रि होने से मामा को ईलाज कराने नहीं गये। दूसरे दिन दिनांक 04/12/2022 को सुबह राम चौहान का मौत हो गया। रिपोर्टकर्ता कांशीराम चौहान के रिपोर्ट पर आरोपी रत्थु चौहान के विरूद्ध अप.क्र. 393/2022 धारा 302 IPC हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी रत्थु चौहान को अपराध दर्ज होने की जानकारी पर गिरफ्तारी के भय से अपने गांव से भागकर अपने रिश्तेदारों के घर शरण लेने की फिराक में एक गांव से दूसरे गांव घूम रहा था।

एसपी अभिषेक मीणा व एडिशनल एसपी संजय महादेवा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर लैलूंगा पुलिस द्वारा लगातार आरोपी के गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर दबाव बनाया जा रहा था। साथ ही थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम द्वारा क्षेत्र में अपने मुखबिर तैनात कर आरोपी रत्थू चौहान की सूचना देने निर्देशित किया गया था कि कल रात्रि मुखबिर द्वारा आरोपी रत्थू लाल चौहान को घरघोड़ा थाना क्षेत्र के गांव में उसके रिश्तेदार के यहां शरण लेने आने की सूचना थाना प्रभारी को दिया गया। तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम हमराह सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक रामरतन भगत, आरक्षक जॉन टोप्पो, सुखदेव साय के साथ घरघोड़ा जाकर दबिश दिया गया और आरोपी रत्थू लाल को हिरासत में लेकर थाना लाए जिससे घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ पर आरोपी अपराध स्वीकार कर हाथ-मुक्का, पहने जूता से मारपीट कर वृद्ध को जमीन में घसीटना बताया जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी के मेमोरेंडम पर घटना समय पहले जूते जप्त कर आरोपी रत्थू लाल चौहान पिता कांशीराम चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी नवीन कुंजारा थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने किसानों को करें प्रोत्साहित- सीईओ मिश्रा

- सीईओ मिश्रा ने ली समय-सीमा की बैठक



**रायगढ़।** जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने धान कटाई में आयी तेजी के मद्देनजर अब रबी में तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार पर कार्य करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए। इस दौरान डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा उपस्थित रहे।

सीईओ मिश्रा ने बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए सभी सीईओ जनपद एवं एसएडीओ को कहा कि विशेष रूप से रबी में फसल में धान के बदले तिलहन, दलहन जैसे अन्य फसलों के रकबा विस्तार पर प्राथमिकता से कार्य किया जाए। इसके लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंडवार जगह चिन्हांकन कर तिलहन में सरसों के रकबा विस्तार पर कार्य करने को कहा। इस दौरान उन्होंने उप संचालक कृषि से रबी फसलों की बीज की जानकारी ली। उप संचालक कृषि ने बताया कि वर्तमान में सरसों, गेहूं, चना के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

सीईओ मिश्रा ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को धान खरीदी की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में रकबा में अधिक वृद्धि हुई है, एसडीएम उनका जांच करें। इसके अलावा विभिन्न विकासखंडों के संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों में निरीक्षण के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने टोकन एवं बारदानों की स्थिति की जानकारी ली, संबंधित अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है तथा टोकन दोनों माध्यमों में काटा जा रहा है। उन्होंने कृषि विभाग को कहा कि आगामी दिनों पैरा दान को महाअभियान के रूप में पुन: आयोजित करें।

सीईओ मिश्रा ने शिक्षा विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सेजस के लिए बनाए जा रहे प्राक्कलन प्रगति की जानकारी ली, डीईओ ने बताया की पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस द्वारा बनाया जा रहा है। इसी प्रकार सहायक आयुक्त आदिमजाति से आवश्यक मरम्मत वाले हॉस्टल एवं स्कूलों की जानकारी ली, ताकि मूलभूत प्राथमिकता वाली कार्यो को शीघ्र करवाया जा सके। सीईओ मिश्रा ने बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि आगामी धरमजयगढ़ के खम्हार में लगने जा रहे वृहद समाधान शिविर में सिविल सर्जन उपलब्ध करवाए, ताकि दिव्यांगो को प्रमाण पत्र आसानी से प्राप्त हो सके। इसके अलावा एनिमिक महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते हुए उन पर फोकस कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा की एवं टेंडर में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को जल जीवन मिशन में लगाए गए उत्पादों की गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने को कहा।

सीईओ मिश्रा ने रामायण मंडली के रजिस्ट्रेशन के कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने आगामी दिनों में लगने वाले मेगा प्लेसमेंट कैंप के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश जिला रोजगार अधिकारी को दिए। जिससे अधिक से अधिक युवाओ को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान उन्होंने आरटीओ को ओवरलोडिंग वाहनों में मौके पर ही चालानी कार्यवाही करते हुए कारण अंकित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के तहत जिनकी उम्र 18 वर्ष हो रही है, उनका मतदाता सूची में पंजीकृत कर उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किया जाना है।

इस दौरान अपर कलेक्टर राजीव पांडे, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा महोत्सव का आयोजन कल से

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2022-23 का आयोजन 8 दिसंबर को सुबह 10 बजे से खेलभाठा मैदान सारंगढ़ में आयोजित किया जा जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य के प्रत्येक जिले से युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडऩे एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। युवा महोत्सव का आयोजन विकासखण्ड, जिला, संभाग और राज्य स्तर पर किया जा रहा है। युवा उत्सव का आयोजन दो आयु वर्ग 15 से 40 वर्ष तक एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में किया जाएगा। युवा वर्ग में आयोजित की जाने वाली विधायें लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक (हिंदी भाषा, छत्तीसगढ़ी भाषा), शास्त्रीय गायन (हिंदुस्तानी कर्नाटक शैली),सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा, मृदंगम, हारमोनियम (शास्त्रीय वादन) गिटार (भारतीय,पाश्चात्य शैली),मणिपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओड़िशी शास्त्रीय नृत्य,भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्यद्ध कत्थक, शास्त्रीय नृत्य, कुचीपुड़ी, शास्त्रीय नृत्य, तात्कालिक भाषण शामिल है। इसके साथ ही उपरोक्त विधाओं के अतिरिक्त निम्नांकित विधाएं भी शामिल होगी जिसमें सुआ, पंथी नृत्य, करमा नाचा, सरहुल, बस्तरिहा लोकनृत्य, राउत नाचा, फुगड़ी, भौंरा, गेड़ी दौड़, पारम्परिक वेशभूषा, फूड फेस्टिवल, चित्रकला (छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर), वाद विवाद (तात्कालिक एवम् समसामयिक विषयक), क्विज, निबंध, कबड्डी (महिला एवं पुरुष) खो-खो (महिला एवं पुरुष) शामिल है। उक्त प्रतियोगिता में विकासखंड युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे।

## यातायात जागरूकता अभियान : सुरक्षित यातायात के लिए विद्यार्थियों को जागरूक कर रही रायगढ़ यातायात पुलिस

**रायगढ़।** यातायात पुलिस द्वारा एसपी अभिषेक मीणा व एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं यातायात डीएसपी/ एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर स्कूल, कॉलेजों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा किरोड़ीमल नगर के आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना यातायात के सहायक उप निरीक्षक मनोज तिवारी, बालकृष्ण डनसेना द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए घटित सड़क दुर्घटनाओं के बारे में बताया गया और दुर्घटना समय अच्छे नागरिक का कर्तव्य क्या होता है इस संबंध में जानकारी देकर घायल की मदद के लिये अच्छा मददगार (Good Samaritan) बनने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में यातायात पुलिस द्वारा तैयार किये गये पावर पाइंट प्रेजेंटेशन, विडियो क्लिप जिन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस दौरान जिज्ञासु छात्र-छात्राएं यातायात पुलिसकर्मियों से सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल भी किए जिनका स्पष्ट उत्तर देकर उन्हें यातायात नियमों का विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में यातायात थाने के प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान द्वारा कहा गया कि यातायात नियमों का पालन कराने में छात्रों विशेषकर बच्चों की भूमिका बेहद अहम है। प्रधान आरक्षक द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि वे यहां बताए गए महत्वपूर्ण यातायात नियम जैसे- तेज गति में वाहन चलाने से बचें, दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाए, हमेशा सड़क के बाईं ओर चलें ऐसे जो छोटे-छोटे यातायात के बेसिक नियम है, उन्हें छात्र-छात्राएं अपने घरवालों से पालन करावें जिससे आपके घर वाले अवांछनीय दुर्घटनाओं से बचेंगे और जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य भी पूरा होगा, इसी प्रकार अपने परिचितों को भी यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां यातायात जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें छात्र-छात्राएं दुर्घटना और सुरक्षा के पात्र निभाए।

## महिला समूह को दी गई महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध और रोकथाम की जानकारी

- तमनार में स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए आयोजित की गई जागरुकता कार्यक्रम



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर सोशल पुलिसिंग के तहत थाना, चौकी, साइबर सेल व पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहवासियों को साइबर ठगी व महिला अपराधों के प्रति किया जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज तमनार पुलिस द्वारा तमनार के बी.ओ. आफिस में आत्मनिर्भर बनने स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे, साइबर सेल/ चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल तथा महिला रक्षा टीम के द्वारा साइबर क्राइम, विविध महिला अपराधों की जानकारी देकर बचाव व रोकथाम के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे बताये कि एसपी अभिषेक मीणा के निर्देशन पर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिला उत्पीड़न को रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए पुलिस चौपाल लगा रही है। जहां लोगों की समस्या के समाधान का पूरा प्रयास पुलिस कर रही है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी तमनार द्वारा महिलाओं को मानव दुर्व्यपार अनैतिक व्यापार (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) , लैगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, महिला संबंधी अपराधों में आने वाली कठिनाइयों जैसे 498 ए भादवि, घरेलू हिंसा को लेकर चर्चा किया गया तथा कानून के तहत महिलाओं को प्राप्त अधिकार संरक्षण के बारे में संक्षिप्त जानकारी दिया गया साथ ही कहा गया कि किसी भी समस्या परेशानी पर पुलिस से सहायता लेने प्रेरित किया गया।

साइबर सेल/ चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा कार्यक्रम में ऑनलाइन साइबर ठगी के केस के बारे में बताएं और ठगी पर बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में महिलाओं को बताया गया। रक्षा टीम के सदस्यों ने महिलाओं को बहुउपयोगी "अभिव्यक्ति ऐप" के बारे में जानकारी दिया गया तथा महिलाओं के मोबाइल में इंस्टाल कराकर उसका प्रयोग कराना बताया गया, साथ ही रक्षा टीम द्वारा महिला संबंधी अपराधों के बारे में रखी जाने वाली सावधानियों एवं पुलिस सहायता के लिये हेल्प लाइन नंबर डॉयल 112 के साथ रक्षा टीम प्रभारी का नंबर साझा किये और महिला अपराध संबंधी जागरूकता पंपलेट का वितरण किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे, साइबर सेल/ चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, थाना तमनार के आरक्षक कमलेश राठिया, महिला आरक्षक संगीता राठिया और महिला रक्षा टीम की महिला आरक्षक रोजमेरी खेस, इंदुलता तथा लक्ष्मी स्व सहायता समूह की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480